# जुलाई'2019 सत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये ऑफलाईन मोड में नामांकन लेने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

.......................................................

इग्नू मुख्यालय के आदेशानुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों यथा बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए एवं अन्य सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा प्रोगाम में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान किया गया है ।

अत : सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये यह एक सुनहरा अवसर है कि इग्नू से उच्च शिक्षा को प्राप्त करें ।

ऐसे अभ्यर्थी जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हैं, इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं :

1) अभ्यर्थी किसी भी रोजगार में न हो ।
2) अभ्यर्थी को किसी भी संस्थान/केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त किये जाने वाले वित्तिय सहायता/स्कॉलरशिप प्राप्त न हुई हो ।

**अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज नामांकन हेतु क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी को दिनांक 25.08.2019 से पहले प्राप्त हो जानी चाहिए :**

1) पूर्ण रूप से भरा हुआ नामांकन फॉर्म ।
2) पूर्ण रूप से भरा हुआ इग्नू पहचान पत्र ।
3) अंडरटेकिंग फॉर्म ।
4) सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ।
5) जाति प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ।

आपको यह भी अवगत कराना है कि इग्नू मुख्यालय द्वारा निःशुल्क प्रदान किये जाने वाले प्रोगामों में से इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी में सक्रिय प्रोगॉमों में ही आपको नामांकन प्रदान किया जायेगा । इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी में सक्रिय प्रोगॉमों एवं अध्ययन केन्द्र की सूची हेतु नीचे दिये गये लिंक को क्लिक करें :

http://rcvaranasi.ignou.ac.in/Ignou-RC-Varanasi/userfiles/file/LSC%2002_08_2019.pdf

अभ्यर्थियों द्वारा फॉर्म को भरने हेतु **Common Prospectus** के पृष्ठ संख्या 180–192 एवं 201 का अवलोकन करें । इग्नू द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न प्रोगामों की जानकारी **Common Prospectus** से प्राप्त की जा सकती है । **Common Prospectus** को डॉउनलोड करने के लिये नीचे दिये लिंक को क्लिक करें ।

हिन्दी में
http://ignou.ac.in/userfiles/Hindi%20July%202019%20(%209_0_11)%2007_08_2019.pdf

अंग्रेजी में
http://ignou.ac.in/userfiles/English%20July%202019%20(9_0_11)%2007_08_2019.pdf

इस सत्र से बीए, बीकॉम एवं बीएससी के कोर्स कोड बदल गये हैं । इन प्रोगॉम के विषयों को सही रूप से चुनने के लिये कृपया नीचे दिये गये लिंक को क्लिक करें :
http://rcvaranasi.ignou.ac.in/announcements/1/detail/Guideline_for_course_selection_in_Bachelor_of_Arts_BAG_Bachelor_of_Commerce_BCOMG_and_Bachelor_of_Science_BSCG_in_online_admission-71

क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)